
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

31 दिसम्बर 2024

# Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

किसी भी हालात में तीन चीजें कभी छुपी नहीं रह सकती वो है सुर्य, चंद्रमा और सत्य।

**गौतम बुद्ध**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल


## 31 दिसम्बर

1. **ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना–** 31 दिसम्बर, 1600 ई. को इंग्लैंड के 100 व्यापारियों ने ही ब्रिटिश 'ईस्ट इंडिया कम्पनी' की स्थापना की थी। इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ ने पंद्रह वर्षों के लिए इस कंपनी को पूर्व के देशों के साथ व्यापार करने का एकाधिकार प्रदान कर दिया।
2. **लार्ड कॉर्नवालिस का जन्म–** फोर्ट विलियम प्रेसिडेंसी के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड कॉर्नवालिस का जन्म 31 दिसम्बर, 1738 ई. को हुआ था। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने पिट्स इंडिया एक्ट के तहत गवर्नर जनरल नियुक्त कर भारत भेजा था। वे दो बार भारत के गवर्नर जनरल पहली बार 1786–1793 ई. और दूसरी बार 1805 ई. में बनाये गये थे।
3. **बेसिन की संधि–** 1802 ई. में जसवंतराव होल्कर ने पेशवा बाजीराव द्वितीय सिंधिया की सम्मिलित सेना को परास्त कर दिया। पूना में होल्कर का अधिकार हो गया और बाजीराव पेशवा को बेसिन में अंग्रेजों के संरक्षण में जाना पड़ा। अपनी गद्दी को पुनः प्राप्त करने के लिए पेशवा बाजीराव ने अंग्रेजों से सहायता माँगी और 31 दिसम्बर, 1802 ई. को वेलेस्ली की सहायक संधि स्वीकार कर ली। यह संधि 'बेसिन की संधि' के नाम से जानी जाती है।



सैयद जहूर कासिम
जन्म **31** दिसंबर **1926**
मृत्यु **20** अक्टूबर **2015**

कृष्ण बल्लभ सहाय
**31** दिसम्बर **1898**
**3** जून **1974**




Tuesday

/teachersofbihar

Madhu priya

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

31 दिसंबर

मधु प्रिया


## ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना 31 दिसंबर




ईस्ट इण्डिया कम्पनी एक निजी व्यापारिक कम्पनी थी,जिसने **1600** ई. में शाही अधिकार पत्र द्वारा व्यापार करने का अधिकार प्राप्त कर लिया था। इसकी स्थापना **1600** ई. के अन्तिम दिन महारानी एलिजाबेथ प्रथम के एक घोषणापत्र द्वारा हुई थी। यह लन्दन के व्यापारियों की कम्पनी थी,जिसे पूर्व में व्यापार करने का एकाधिकार प्रदान किया गया था। कम्पनी का मुख्य उद्देश्य धन कमाना था। **1708** ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की प्रतिद्वन्दी कम्पनी 'न्यू कम्पनी' का 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी' में विलय हो गया। परिणामस्वरूप 'द यूनाइटेड कम्पनी ऑफ़ मर्चेंट्स ऑफ़ इंग्लैण्ड ट्रेडिंग टू ईस्ट इंडीज' की स्थापना हुई। कम्पनी और उसकेव्यापार की देख-रेख'गर्वनर-इन-काउन्सिल' करती थी। कंपनी के कई नाम हैं, लेकिन इसे ईस्ट इंडिया कंपनी के नाम से जाना जाता है।**1850** में लीडनहॉल स्ट्रीट में बना 'न्यू ईस्ट इंडिया हाउस'। इण्डिया कम्पनी  एक निजी व्यापारिक कम्पनी थी, जिसने **1600** ई. में शाही अधिकार पत्र द्वारा व्यापार करने का अधिकार प्राप्त कर लिया था।

जयंती विशेष 31 दिसम्बर

राकेश कुमार



# कृष्ण बल्लभ सहाय

31 दिसंबर 1898 - 3 जून 1974

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री

**कृष्ण बल्लभ सहाय** *Krishna Ballabh Sahay*, जन्म- 31 दिसम्बर, 1866, पटना, बिहार; मृत्यु- 3 जून, 1974, हजारीबाग, झारखण्ड) भारत के सुप्रसिद्ध राष्ट्रभक्त एवं क्रांतिकारी थे, जो बाद में पहले बिहार के राजस्व मंत्री और फिर संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री भी बने। के. बी. सहाय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े थे। वह 2 अक्टूबर 1963 से 5 मार्च 1967 तक मुख्यमंत्री पद पर रहे।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 31.12.2024

## हाइब्रिड शिक्षण

हाइब्रिड शिक्षण, आमने-सामने और ऑनलाइन शिक्षण का संयोजन है. इसमें कुछ छात्र व्यक्तिगत रूप से कक्षा में शामिल होते हैं, जबकि अन्य छात्र घर से वर्चुअल रूप से शामिल होते हैं. हाइब्रिड शिक्षण में, सभी छात्र एक ही कक्षा में (एक ही समय में) भाग लेते हैं और एक-दूसरे और शिक्षक के साथ बातचीत कर सकते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



न्यूज़ीलैंड में गीसबोर्न एयरपोर्ट दुनिया का एक ऐसा अनोखा एयरपोर्ट है जिसके रनवे के बीचो बीच ट्रैन गुजरती है। यहाँ सुबह 6.30 से लेकर रात 8.30 बजे तक रेल मार्ग दोनों ही व्यस्त रहते हैं.

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## CRICKET

# सबसे लंबा करियर

## (LONGEST ODI CAREER)

| नाम | करियर | मैच |
|---|---|---|
| मिताली राज | 22 साल 231 दिन | 221 |
| सचिन तेंदुलकर | 22 साल 91 दिन | 463 |
| सनथ जयसूर्या | 21साल 184 दिन | 445 |
| जावेद मियांदाद | 20 साल 272 दिन | 233 |
| झूलन गोस्वामी | 20 साल 37 दिन | 193 |

(Mens-Womens ODI Cricket)



TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 484

**मूर्ति का सांचा बनाने में निम्न में से किसका उपयोग किया जाता हैं ?**

A. विरंजक चूर्ण

B. सोडियम बाईकार्बोनेट

C. सोडियम क्लोराईड

D. प्लास्टर ऑफ पेरिस



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D

# TOB बूझो तो जानें..




470

ढाई अक्षर नाम मेरा, एक शहर कहलाए, जग प्रसिद्ध हर काल में, शासक बैठा पाए... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बिहार के चौथे मुख्यमंत्री, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी
कृष्ण बल्लभ सहाय
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 31 दिसम्बर 1898 - मृत्यु– 3 जून 1974
www.teachersofbihar.org
Madhu priya